पंजाब केसरी 08/10/2024

आई.डी.ई. बूट कैम्प में शामिल हुए जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी

अम्बाला, 7 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों जय सिंह चौहान, पलविंदर सिंह, अंशु गोयल एवं श्रुति गुलाटी ने प्रो. योगिता बख्शी के दिशा-निर्देशन में एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित आई.डी.ई. बूट कैम्प संस्करण-2, चरण-1 में भाग लिया।

इस पांच दिवसीय आवासीय बूट कैम्प का संचालन ए.आई.सी.टी.ई. सदस्य डा. गीता कौशिक द्वारा किया गया, जबकि बूट कैम्प का उद्घाटन ए.आई.सी.टी.ई. अध्यक्ष टी.जी. सीताराम ने किया।

आई.डी.ई. बूट कैम्प में भाग लेने वाले जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (केसरी)

बूट कैम्प में उद्यमिता, नवाचार, बिजनैस पिच और बिजनैस मॉडल आदि पर कई सत्र शामिल थे, जिससे न केवल छात्रों का, बल्कि उनके गुरुओं का भी ज्ञान बढ़ा।

बूट कैम्प न केवल छात्रों के लिए था बल्कि स्टार्ट अप और नवीन विचारों के लिए भी डिजाइन किया गया था। शिविर में भामाशाह इनक्यूबेशन सैंटर का दौरा भी शामिल था।

शिविर के समापन अवसर पर विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को उनके आगमन पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त, डा. प्रभलीन कौर, डीन फैकल्टी और एच.ओ.डी. श्याम रहेजा द्वारा प्रोत्साहित किया गया।